1619

S.S.L.C. EXAMINATION, MARCH - 2016.

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- 15 मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा। यह पूर्व तैयारी के लिए है। इस समय कुछ भी न लिखें।
- 5 से 7 तथा 8 से 11 तक के प्रश्नों में विकल्प है।

Score

सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें : 2

1.

पाठ	प्रोक्ति	लेखक
गौरा	रेखाचित्र	
	उपन्यास	पुनत्तिल कुञ्अब्दुल्ला
वह तो अच्छा हुआ		भगवत रावत
	कहानी	उषा प्रियंवदा

सूचना : अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिंदी शब्द रखकर वाक्यों का पुनर्लेखन करें : 3

2. सुधा पैसा लेने बैंक गई। वह Account Number भूल गई। सुधा ने Clerk से कहा। उसने सुधा को Manager के पास भेज दिया।

(लिपिक, जमापर्ची, प्रबंधक, खाता संख्या)

सूचना : कोष्ठक से घटना चुनकर सही क्रम से खाली जगहों को भरें : 2

3.
- बूढ़े किसान ने शहर की दुकान से बीज और खाद खरीदा।
- ______________________
- ठगी के बारे में पूछने के लिए किसान शहर पहुँचा।
- ______________________

- दुकानदार ने कहा ठगी उपहार के रूप में दी गई है।
- घर में आकर देखा कि तीनों बोरों में ठगी भी है।

Score
2

सूचना : गौरा की चरित्रगत विशेषताएँ चुनकर लिखें :

4. • पीड़ा सहने पर क्रुद्ध होनेवाली
   • सदा शांत भाव से रहनेवाली
   • अन्य जीव-जंतुओं से प्यार करनेवाली

सूचना : 5 से 7 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2x2=4

5. सेठजी के अस्पताल में चिकित्सा की सुविधाएँ काफी थीं। परंतु बाबूलाल तेली को निराश लौटना पड़ा। क्यों?

6. डॉक्टर के लिए पूरी वसुधा को ही कुटुंब क्यों बताया गया है?

7. 'मनुष्यता' कविता में किस प्रकार की मृत्यु को सुमृत्यु कहा गया है?

सूचना : 8 से 11 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें : 3x4=12

8. कुतिया के पिल्लों को मरवा डालने पर डौली बहुत दुखी होती है। अपना दुख वह मित्र को पत्र में लिखती है। डौली का वह पत्र तैयार करें।

   (कुतिया का पिल्ला देना ---- पिल्लों से डोली का प्यार ---- स्कूल से लौटना---- मामा का झूठ बोलना---- मेहतर से सच्चाई जानना)

9. फारसी पत्रकार को गामा भारत के गुरु-शिष्य संबंध का महत्व समझाते हैं। इससे प्रभावित फारसी पत्रकार उस दिन की डायरी में यह लिखते हैं। वह डायरी तैयार करें।

   (कुश्ती में गामा का चैलेंज --- फारसी पत्रकार का प्रश्न ---- गामा की हैरानी ---- शिष्य: पसीने की कमाई)

10. कारखानों और शहरों की गंदगी से हमारी नदियाँ प्रदूषित होती जा रही हैं। सभी जीव-जंतुओं के लिए यह खतरा है। प्रदूषण से नदी को बचाने का संदेश देनेवाला एक पोस्टर तैयार करें।

11. मान लें, गजाधर बाबू एक हफ़्ते बाद रिटायर होने वाले हैं। चीनी मिल के मैनेजर से होने वाली उसकी बातचीत कल्पना करके लिखें।

    (रिटायर्ड जीवन की बातें ---- मित्रों को छोड़कर जाने का दुख ---- घर की खुशियों का इंतज़ार)

सूचना : कवितांश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

एक एक यदि पेड़ लगाओ
तो तुम बाग लगा दोगे,
एक एक यदि ईंट जोड़ो
तो तुम महल बना दोगे,
एक एक यदि अक्षर जोड़ो
तो बन जाओगे विद्वान।

(बाग - बगीचा, ईंट - brick, विद्वान - ज्ञानी)

12. एक एक अक्षर जोड़ने से क्या बन जाता है? **1**

(बाग, महल, विद्वान)

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। **1**

14. कवितांश का आशय लिखें। **3**

सूचना : रेखांकित अंशों का संशोधन करके पुनर्लेखन करें : **2**

15. रमा <u>की</u> <u>छोटी</u> भाई सुमेश बैंक <u>पर</u> काम <u>करती है</u>।

सूचना : उचित विशेषण शब्द चुनकर खंड की पूर्ति करें। **2**

(बड़ी, सुंदर, बड़े, ठंडी)

16. लोग ---- सवेरे इस ---- पार्क में टहलने आते हैं। यहाँ की ---- हवा उनको ---- खुशी देती है।

सूचना : उचित योजक से वाक्यों को मिलाएँ : **1**

17. वह डर गया। वह कांपने लगा।

(इसलिए, परंतु)

Score

सूचना : खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

दिलीप अपना शहर लौट आया। उसको बड़ी खुशी हुई। दो दिन बाद दिवाली थी। सारा शहर प्रकाशमान था। कहीं मिट्टी के बर्तन बिक रहे थे। कहीं मिठाई की दुकानों से सुगंध आ रही थी।

18. शहर क्यों प्रकाशमान था? 1

19. 'सारा शहर' में 'सारा' : 1

(संज्ञा है, सर्वनाम है, विशेषण है, क्रिया है)

20. 'उसको' - में प्रयुक्त सर्वनाम है : 1

(यह, वह, ये, वे)

21. दिवाली के अवसर पर शहर में क्या-क्या हो रहा था? 2

-०●०-